प्रेस के लिए सूचना (प्रेस विज्ञप्ति सं. 109 / 2025)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**
https://www.trai.gov.in

नई दिल्ली, 14 *अक्टूबर*, 2025

**तत्काल जारी करने हेतु**

**भादूविप्रा ने तमिलनाडु राज्य (तमिलनाडु लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र के अंतर्गत) के सेलम शहर और उसके आस-पास के क्षेत्रों में नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने **तमिलनाडु** लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एल.एस.ए.) के लिए अगस्त 2025 माह में **सेलम** शहर के विस्तृत हिस्सों को कवर करते हुए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आई.डी.टी.) के निष्कर्ष जारी किए। ये ड्राइव टेस्ट, भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद के पर्यवेक्षण में आयोजित किए गए थे, जिनका उद्देश्य विभिन्न उपयोग परिवेशों – शहरी क्षेत्र, संस्थागत हॉटस्पॉट, ग्रामीण आवासीय क्षेत्र आदि – में वास्तविक परिस्थितियों में मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को दर्ज करना था।

11 अगस्त 2025 से 14 अगस्त 2025 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने सेलम शहर में 410 किलोमीटर ड्राइव टेस्ट, 5.8 किलोमीटर वॉक टेस्ट तथा 8 हॉटस्पॉट स्थानों पर विस्तृत परीक्षण किए। जिन तकनीकों का मूल्यांकन किया गया उनमें 2G, 3G, 4G और 5G शामिल थे, जो विभिन्न प्रकार के हैंडसेट क्षमताओं पर उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आई.डी.टी. के निष्कर्ष सभी टी.एस.पी. को अवगत करा दिए गए हैं।

मूल्यांकन किए गए प्रमुख पैरामीटर:


क) **वॉयस सेवाएं:** कॉल सेटअप सफलता दर (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल दर (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप समय, कॉल साइलेंस दर, भाषण गुणवत्ता (एम.ओ.एस.), कवरेज।


ख) **डेटा सेवाएं:** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप दर, तथा वीडियो स्ट्रीमिंग विलंब।

सेलम शहर में मोबाइल नेटवर्क के समग्र प्रदर्शन का सारांश नीचे प्रस्तुत है:

**कॉल सेटअप सफलता दर –** एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. की कॉल सेटअप सफलता दर क्रमशः 100.00%, 87.85%, 99.80% और 99.60% रही है, ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में।
**ड्रॉप कॉल दर –** एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. की ड्रॉप कॉल दर क्रमशः 0.00%, 5.32%, 0.40% और 0.00% रही है, ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में।

**सी.एस.एस.आर.:** कॉल सेटअप सफलता दर (प्रतिशत में), **सी.एस.टी.:** कॉल सेटअप समय (सेकंड में), **डी.सी.आर.:** ड्रॉप कॉल दर (प्रतिशत में) एवं **एम.ओ.एस.:** मीन ओपिनियन स्कोर।




**सारांश - वॉयस सेवाएं**

**कॉल सेटअप सफलता दर:** एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. की कॉल सेटअप सफलता दर क्रमशः 100.00%, 87.85%, 99.80% और 99.60% रही है, ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में।

**कॉल सेटअप समय:** एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. का कॉल सेटअप समय क्रमशः 1.15, 4.53, 0.78 और 1.64 सेकंड रहा है, ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में।

**ड्रॉप कॉल दर:** एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. की ड्रॉप कॉल दर क्रमशः 0.00%, 5.32%, 0.40% और 0.00% रही है, ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में।

**कॉल साइलेंस/म्यूट दर:** एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. की साइलेंस कॉल दर पैकेट स्विच्ड नेटवर्क (4G/5G) में क्रमशः 0.83%, 1.39%, 0.84% और 0.54% रही है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. का औसत एम.ओ.एस. क्रमशः 4.02, 3.07, 3.95 और 4.37 रहा है।

**सारांश - डेटा सेवाएं**

**डेटा डाउनलोड प्रदर्शन (कुल मिलाकर):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड गति 203.99 Mbps, बी.एस.एन.एल. (4G/3G/2G) की 6.68 Mbps, आर.जे.आई.एल. (5G/4G) की 322.76 Mbps तथा वी.आई.एल. (4G/2G) की 29.95 Mbps रही।

**डेटा अपलोड प्रदर्शन (कुल मिलाकर):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड गति 31.78 Mbps, बी.एस.एन.एल. (4G/3G/2G) की 4.70 Mbps, आर.जे.आई.एल. (5G/4G) की 30.06 Mbps तथा वी.आई.एल. (4G/2G) की 14.62 Mbps रही।

**लेटेंसी (कुल मिलाकर):** एयरटेल, बी.एस.एन.एल., आर.जे.आई.एल. और वी.आई.एल. की 50वीं परसेंटाइल लेटेंसी क्रमशः 20.25 ms, 33.30 ms, 18.50 ms और 28.95 ms रही।

***डेटा प्रदर्शन - हॉटस्पॉट्स (Mbps में)***

एयरटेल - 4G D/L: 25.60 4G U/L: 7.89
5G D/L: 205.91 5G U/L: 30.92
बी.एस.एन.एल.- 4G D/L: 12.73 4G U/L: 9.68
आर.जे.आई.एल.- 4G D/L: 43.55 4G U/L: 12.44
5G D/L: 338.51 5G U/L: 26.88
वी.आई.एल.- 4G D/L: 36.57 4G U/L: 13.99

*नोट - "D/L" डाउनलोड गति, "U/L" अपलोड गति*

सेलम शहर में मूल्यांकन में वेन्नानदूर, वीरापांडी, मगुदंचावडी, करिक्कपट्टी, थारामंगलम, मेचेरी, ओमलूर, नेथीमेडु, सुरमंगलम, फेयरलैंड्स, अम्मापेट, अग्रहार नट्टामंगलम, बेलूर, सेशांचावडी आदि क्षेत्रों को शामिल किया गया।

सेलम शहर में सेलम जंक्शन रेलवे स्टेशन पर वॉक टेस्ट किया गया।

भादूविप्रा ने स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव को दर्शाने हेतु सेलम शहर में वास्तविक परिस्थितियों का भी मूल्यांकन किया, जिनमें शामिल थे: 1. न्यू बस स्टैंड सेलम 2. सेलम कलेक्टर कार्यालय 3. सेलम सरकारी आर्ट्स कॉलेज 4. सेलम जंक्शन रेलवे स्टेशन 5. सेलम पुराना बस स्टैंड 6. सेलम पेरियार विश्वविद्यालय 7. सेलम स्टील प्लांट 8. शेवापेट सरकारी अस्पताल

ये परीक्षण भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों और मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करके रीयल टाईम परिवेश में किए गए। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री बी. प्रवीण कुमार, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद), भादूविप्रा से ईमेल: adv.hyderabad@trai.gov.in या दूरभाष संख्या: +91-40-23000761 पर संपर्क किया जा सकता है।